परिक्षेत्रीय कार्यालय,
परिक्षेत्र बस्ती

प्रेस नोट
दिनांक – 10-04-2026

- **डीआईजी बस्ती द्वारा पुलिस अधिकारियो व सुरक्षा एजेंसियो के साथ की गयी नेपाल बॉर्डर सुरक्षा समन्वय समिति की बैठक।**
- **संबन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 10.04.2026 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ. अभिषेक महाजन व कमाण्डेण्ट सीमा सुरक्षा बल श्री उज्जवल दत्ता,कस्टम व पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ होटल आर.आर. पैलेस शोहरतगढ़ मे नेपाल बॉर्डर सुरक्षा समन्वय समिति की बैठक की गयी। बैठक के दौरान ऑपरेशन कवच, मादक पदार्थो व विभिन्न प्रकार की तस्करी के तरीकों के सम्बन्ध मे चर्चा कर अभिसूचनाओं के आदान-प्रदान, अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के व्यपवर्तन तथा प्रतिबन्धित दवाओं के दुरुपयोग तथा नशामुक्ति के सम्बन्ध में आमजन को जागरुक करने, बार्डर पर नियमित गश्त/चेकिंग करने,तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने, लाभप्रद सूचनाओं को एकत्र कर अवगत कराने आदि हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

ऑपरेशन कवच के तहत प्रभावी कार्य न करने व कार्यों में शिथिलता के कारण ऑपरेशन कवच प्रभारी निरीक्षक श्री मनोहर लाल के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

तत्पश्चात डीआईजी बस्ती द्वारा सभी अधिकारी व कर्मचारी गण के साथ खुनुवा बॉर्डर पर पैदल गश्त किया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत कुमार प्रसाद, सभी पुलिस क्षेत्राधिकारीगण,निरीक्षक कस्टम श्री कपूर सिंह, बार्डर के थानो के थाना प्रभारीगण सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

मीडिया सेल
परिक्षेत्र बस्ती